# बालाजी के भक्तों सुनलो | By Rajeev Sharma |

बालाजी के भक्तों सुनलो,
बाबा का गुण गाया करो,
श्रद्धा और विश्वास प्रेम से,
उनकी ज्योत जगाया करो ॥

पवन देव के लाल और माँ,
अंजनी सुत का ध्यान धरो,
दु:ख और कष्ट सताए जब जब,
याद उन्हें बस किया करो,
सुन्दरकाण्ड का वर्णन उनकी,
महिमा रोज सुनाया करो,
श्रद्धा और विश्वास प्रेम से,
उनकी ज्योत जगाया करो.....

दिन मंगल का जब भी आए,
बाबा का उपवास करो,
लाल लंगोटा सिंदूर चढ़ाकर,
चालीसा का पाठ करो,
देसी घी के साथ चूरमा,
उनको भोग लगाया करो,
श्रद्धा और विश्वास प्रेम से,
उनकी ज्योत जगाया करो....

चरण पकड़ लिए हनुमत के जब,
राम जी कैसे भागेंगे,
राम की जब अनुकंपा होगी,
सोए भाग्य भी जागेंगे,
स्वामी सेवक के रिश्ते का,
कुछ तो लाभ उठाया करो,
श्रद्धा और विश्वास प्रेम से,
उनकी ज्योत जगाया करो....

बड़े दयालु बाला मेरे,
लोग ये सारे कहते है,
भरे हुए भंडारों से वो,
झोलियाँ भरते रहते है,
जीवन मोड़ लिखे तो 'बबली',
बड़े प्रेम से गाया करो,
श्रद्धा और विश्वास प्रेम से,
उनकी ज्योत जगाया करो,
बालाजी के भक्तों सुनलो,
बाबा का गुण गाया करो,
श्रद्धा और विश्वास प्रेम से,
उनकी ज्योत जगाया करो......

%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%a4%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%b2%e0%a5%8b-by-rajeev-sharma/